# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–17 मार्च 2026** **सान्ध्य समाचार**

भारतीय पोत नंदा देवी लगभग छियालीस हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आज गुजरात के वडीनार बंदरगाह पर पहुंच गया। दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह ने यह जानकारी दी।

***नंदा देवी शिप जो आज सुबब दो बजकर तीस मिनट पर आया है और यह 46 हजार पांच सौ मीट्रिक टन एलपीजी लेकर के आया है और यहां पर इसका शिप टू शिप ऑपरेशन होगा। ये असल एंकरेज एरिया में, आईसीज में यह ऑपरेशन होगा, ट्रांसफर होग। जो डोटरवेशल है डी डब्ल्यू बर्च वो भी आ चुका है। उसको साइड में प्लेस करने के लिए जो इक्यूपमेंट लगते हैं। वैंडर्स वगैरह वो भी पहुंच गये हैं तो वो एरेंजमेंट चल रहा है।***

कल एक और एलपीजी वाहक पोत मुंद्रा बंदरगाह पहुंचा था। दोनों खेपों से देश के गैस भंडार में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि देश में गैस आपूर्ति में फिलहाल कोई कमी नहीं है।

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में रसोई गैस के सुचारू तौर पर आपूर्ति के लिए सतत निगरानी और कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में अम्बेडकरनगर जिले में गैस की कालाबाजारी करने वाले तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। हमारे अम्बेडकरनगर प्रतिनिधि ने बताया कि वहां के जिलाधिकारी ने टीम भेज कर कालाबाजारी के मामले की जांच कराई थी। इसके बाद सीएससी संचालक सहित दो लोगों के खिलाफ इब्राहिमपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मिर्जापुर में विन्ध्य कॉरिडोर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से संवाद भी किया। एक रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य कॉरिडोर परियोजना भारतीय सनातन परम्परा और आधुनिक वास्तुकला का अद्भुत संगम है। उन्होंने कहा कि इस कॉरिडोर से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही विन्ध्याचल धाम के धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत की पहचान वैश्विक स्तर पर और मजबूत होगी। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर चैत्र नवरात्रि मेले की तैयारियों का जायजा लिया। श्री योगी ने चैत्र नवरात्रि एवं रामनवमी के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिये सुगम दर्शन, बेहतर स्वच्छता और समुचित व्यवस्था प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मिर्जापुर से एमएस सबा की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

इससे पहले मुख्यमंत्री ने मां विन्ध्यवासिनी का दर्शन–पूजन भी किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में कैलाश मानसरोवर के पांच सौ पचपन तीर्थयात्रियों को एक–एक लाख रूपये की वित्तीय सहायता दी। इस अवसर पर यात्रियों के साथ–साथ वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह भी मौजूद रहे।

**********

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में संशोधन किया है। आज लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कृषि और किसान कल्याण मंत्री, शिवराज सिंह चौहान ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब यदि बीमा कंपनियां इक्कीस दिनों के भीतर दावों का निपटान करने में विफल रहती हैं, तो उन्हें भी कृषि संबंधी दावों पर बारह प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करना होगा। साथ ही यदि राज्य सरकारें दावा प्रक्रिया में देरी करती हैं, तो उन्हें किसानों को बारह प्रतिशत ब्याज देना होगा। उन्होंने कहा कि किसान, दावा निपटान से संबंधित अपनी शिकायतों के लिए कृषि रक्षक पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

**********

उत्तराखंड सरकार ने इस वर्ष चारधाम यात्रा के लिए विशेष स्वास्थ्य प्रबंध किए हैं। वहां अब तीर्थ यात्रियों के स्वास्थ्य की निगरानी उचित समय पर ई–स्वास्थ्य धाम पोर्टल के जरिए की जाएगी। एक रिपोर्ट–

***तीर्थयात्रा मार्गों, मुख्य पड़ावों और चारों धामों की स्थायी तथा अस्थायी चिकित्सा इकाइयों में अनुभवी चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ तैनात किए जाएंगे। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए यात्रा मार्गों पर 177 एम्बुलेंस तैनात रहेंगी, जिनमें 108 आपातकालीन सेवा, एडवांस लाइफ सपोर्ट और कार्डियक एम्बुलेंस शामिल हैं। इसके अलावा टिहरी में एक बोट एम्बुलेंस और एक हेली एम्बुलेंस भी उपलब्ध रहेगी, जिसका संचालन एम्स ऋषिकेश के माध्यम से किया जाएगा। साक्षी सिंह, आकाशवाणी समाचार, देहरादून।***

**********

मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस के मामूली बढ़ोत्तरी की संभावना जतायी है। विभाग के मुताबिक अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में भी धीरे–धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस के बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

**********